बीए ऑनर्स (सीबीसीएस)
बी.ए.ई.सी.एच

सत्रीय कार्य
(2022-23)

पाठ्यक्रम कोड: बी.ई.सी.ई -142

पाठ्यक्रम का शीर्षक: व्यावहारिक अर्थमिति

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय मैदान
गढ़ी, नई दिल्ली-110068

बी.ई.सी.ई-142
व्यावहारिक अर्थमिति

सत्रीय कार्य (टीएमए)
2022-23

कार्यक्रम कोड: बीएईसीएच

पाठ्यक्रम कोड: बी.ई.सी.ई-142

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि बी.ए.ई.सी.एच की कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है, आपको अर्थशास्त्र के इस वैकल्पिक पाठ्यक्रम (बी.ई.सी.ई-142) के लिए एक सत्रीय कार्य करना होगा। यह एक शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए) है और इसमें 100 अंक होते हैं।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। टीएमए को आपको विभिन्न श्रेणियों के प्रश्नों के उत्तर देने में सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यहां मूल्यांकन आपके उत्तर को व्यवस्थित, सटीक और सुसंगत तरीके से प्रस्तुत करने की आपकी क्षमता को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। सत्रीय कार्य को तीन भागों में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। भाग क में 20-20 अंकों के दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। भाग ख में 10-10 अंकों के तीन प्रश्न होते हैं जबकि भाग ग में आपको 15 (5 × 3 **)** अंकों के दो प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

जमा करना : पूर्ण किए गए सत्रीय कार्यों को आपके अध्ययन केंद्र के समन्वयक को जमा करना है।

सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि है:

30 अप्रैल, 2023	**जून 2023 सत्रांत परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए**
31 अक्टूबर, 2023	**दिसंबर 2023 सत्रांत परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए**

बी.ई.सी.ई-142: व्यावहारिक अर्थमिति

कार्यक्रम कोड: बी.ए.ई.सी.एच
पाठ्यक्रम कोड: बी.ई.सी.ई-142
सत्रीय कार्य कोड: बीईसीई-142/एएसटी/टीएमए/2022-23
अधिकतम अंक: 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

भाग क - दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा-500 शब्द) **2 × 20 = 40 अंक**

1) अर्थमिति मॉडलिंग में उपयुक्त चरों के लोपन (छोड़ने) के परिणामों को सैद्धांतिक रूप से समझाएं।

2) 'बाजार संतुलन' पर अंतराल के प्रभाव की उपयुक्त उदाहरणों सहित विवेचना कीजिए।

भाग ख -मध्यम उत्तर प्रश्न (शब्द सीमा-250 शब्द) **3 × 10 = 30 अंक**

3) रेखांकित करें कि कैसे R^2 और समायोजित R^2 एक प्रतिगमन प्रतिमान के 'समंजन सुष्ठुता' के संकेतक के रूप में कार्य करते हैं।

4) लॉजिट प्रतिमान के रूप को इंगित करें। निर्दिष्ट करें कि अनुमान की सामान्य न्यूनतम वर्ग (OLS) पद्धति यहाँ क्यों लागू नहीं की जा सकती है?

5) दिखाएँ कि 'सटीक पहचान' समीकरणों की एक प्रणाली के अद्वितीय निर्धारण के लिए पर्याप्त शर्त है।

भाग ग -लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 100 शब्द) **2 × 3 × 5 = 30 अंक**

6) निम्न के बीच अंतर करें:

अ) परिमाणात्मक शोध और गुणात्मक शोध ।
ब) अंतर प्रतिदर्श पूर्वानुमान और बाह्य प्रतिदर्श पूर्वानुमान ।
स) स्वसमाश्रयी प्रतिमान और स्वसमाश्रयी बंटित अंतराल प्रतिमान।

7) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

अ) साधनभूत चर (IV) विधि।
ब) संयोजित वर्गगत आँकड़े।
स) रैखिक स्थैतिक समस्तरीय आँकड़े प्रतिमान।